>

Title: Need to implement Accelerated Irrigation Benefit Programmes and conservation schemes in Sultanpur parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर): कृषि विकास के लिए सिंचाई की अत्यंत आवश्यकता होती है। मैं सदन को सूचित करना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर में जल संरक्षण योजनाओं में केंद्र स्तर से कोई राशि गत तीन वर्षों के दौरान उपलब्ध नहीं हुई है जिसके कारण नहरों में पानी समय पर नहीं आ पाता है और नहरें कई-कई जगहों से टूटी हुई है जिसके कारण पानी नहर से निकलकर गरीब किसानों के खेत में पहुंचकर फसल को नश्ट कर रहे हैं। दूसरी ओर नहरों से समय पर पानी नहीं मिलने से किसान समय पर अपना बुआई कार्य एवं फसल कार्य नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि जल एक राज्य का विषय है परंतु केंद्र स्तर पर कार्यवाही तो की जानी चाहिए। मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर में त्वरित सिंचाई लाभान्वित कार्यक्रम एवं अन्य सिंचाई क्षेत्र के विकास कार्यों की कोई सूचना नहीं है मेरे एक पत्र के उत्तर में संबंधित जल संसाधन मंत्री जी ने बताया है कि केंद्र सरकार जिला स्तर पर आंकड़े नहीं रखती है। सवाल है कि जब जिला स्तर पर आंकड़े नहीं होंगे तब किस तरह से जिले के सिंचाई विकास पर ध्यान दिया जाएगा।

मैं सरकार से जानना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर में जल संरक्षण जैसी योजनाएं गत तीन साल में लागू क्यों नहीं की गई एवं आग्रह करना चाहूंगा कि केंद्र स्तर पर जल संरक्षण की योजनाएं मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर में लागू की जाये क्योंकि इस जिले के किसानों को जल संरक्षण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।